राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

क्रमांकः– मुसप्र/ 2020/705 दिनांकः–9/10/2020

कार्यालय आदेश

राजस्थान आवासन मण्डल की विभिन्न आवासीय योजनाओं में अनिस्तारित छोटे व्यावसायिक भूखण्ड 27 मीटर तक के 1260 एवं 27 वर्ग मीटर से अधिक से 118 व्यावसायिक भूखण्ड उप आवासन आयुक्तगण से प्राप्त सूचना अनुसार निस्तारण हेतु उपलब्ध बताये हैं।

इसी प्रकार मण्डल द्वारा विकसित विभिन्न आवासीय योजनाओं में 303 निर्मित दुकानों/व्यावसायिक परिसम्पत्तियों (जिनमें से 284 दुकाने 27.00 वर्ग मीटर तक की एवं 19 दुकानें 27.00 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल की हैं) को आरक्षित दर में राज्य सरकार से प्राप्त स्वीकृति अनुसार छूट प्रदान करते हुए निस्तारण किया जाना है।

उक्त व्यावसायिक भूखण्डों/निर्मित दुकानों के निस्तारण की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव मण्डल के संचालक मण्डल की 243 वीं बैठक दिनांक 21–09–2020 में प्रस्ताव संख्या 243.42 रखा गया। बैठक में प्रस्तावानुसार लिये गये निर्णय की पालना में मण्डल की विभिन्न आवासीय योजनाओं में अनिस्तारित छोटे व्यावसायिक भूखण्डों/निर्मित दुकानों को **"अपनी दुकान अपना व्यवसाय योजना"** के तहत 27.00 वर्ग मीटर तक के व्यावसायिक भूखण्डों/निर्मित दुकानों को ई–बिड–सबमिशन एवं 27.00 वर्ग मीटर से अधिक व्यावसायिक भूखण्डों/निर्मित दुकानों को ई–ऑक्शन से निस्तारण की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

(पवन अरोड़ा)
आवासन आयुक्त

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ :–

1. निजी सचिव–अध्यक्ष/आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
2. निजी सचिव–सचिव/वित्तीय सलाहकार/निदेशक विधि/मुख्य राजस्व अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
3. मुख्य अभियन्ता–प्रथम/द्वितीय/मुख्यालय, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
4. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–प्रथम/द्वितीय/तृतीय, रा0 आ0 मा0, जयपुर/जोधपुर।
5. अति0 निजी सचिव–मुख्य सम्पदा प्रबन्धक, रा0आ0म0 जयपुर।
6. उप आवासन आयुक्त (मुख्यालय), राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
6. उप आवासन आयुक्त, वृत–............................राजस्थान आवासन मण्डल, ...
8. आवासीय अभियन्ता, खण्ड–.................................., रा0आ0म0, ...
9. संयुक्त एनालिस्ट (निदेशक), रा.आ.म., जयपुर को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आदेश की प्रति मण्डल की वेबसाइट पर डलवायें व सभी संबंधित उप आवासन आयुक्त/आवासीय अभियन्ता को मेल करें।
10. प्रभारी नागरिक सेवा केन्द्र, (मु0), रा0आ0मं0, जयपुर।
13. रक्षित पत्रावली।

मुख्य सम्पदा प्रबंधक

D/DRB/OFFICE ORDER